# पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/दिशानिर्देश/2025–26 दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर

परीक्षा अतिआवश्यक

**(1) प्राचार्य,**
**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,**
**जिला – जोधपुर, बाड़मेर, अजमेर, उदयपुर, भरतपुर, अलवर एवं जयपुर ।**

**(2) जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)**
**प्रारम्भिक शिक्षा,**
**जिला – जोधपुर, बाड़मेर, अजमेर, उदयपुर, भरतपुर, अलवर एवं जयपुर ।**

विषय :– प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा–5) एवं प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (कक्षा –8) 2026 के ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म, परीक्षा केन्द्र, संग्रहण केन्द्र एवं मूल्यांकन केन्द्र मैपिंग संबंधित कार्य पूर्ण करने हेतु नवगठित 7 जिलों के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर डाईट ऑफिस लॉगिन के लिए पर्यवेक्षण/प्रबोधन अधिकारी नामित करने के संबंध में ।

प्रसंग :– **श्रीमान निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पत्रांक : शिविरा/प्राशि/पंविप/5–8/दिशा निर्देश/2024/दिनांक : 09.12.2025 (राज काज.रेफ.नं.– 19267624) एवं समसंख्यक पत्रांक (राजकाज क्रमांक – 19444943) दिनांक – 17.12.2025 एवं उक्त दोनों परीक्षाओं के संबंध में प्रसारित समयविभाग चक्र दिनांक : 22.12.2025 (राजकाज क्रमांक – 19522021) एवं निर्देश दिनांक : 24.12.2025 (राजकाज. रेफ.नं.– 19575645) एवं इस कार्यालय के समसंख्यक पत्रांक : दिनांक : 09.01.2026 (राजकाज. रेफ.नं.– 19859985) के क्रम में।**

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक निर्देशों के क्रम में लेख है कि कक्षा–5वीं एवं कक्षा–8वीं राज्यस्तरीय परीक्षा 2026 के तहत दिनांक – 18.12.2025 से शालादर्पण एक्ज़ाम पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा चुकी है। निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम अनुसार कक्षा–8वीं परीक्षा दिनांक – 19.02.2026 से एवं कक्षा–5वीं परीक्षा दिनांक –20.02.2026 से आयोजित की जानी है। पूर्ववर्ती वर्षों के अनुसरण में निर्धारित रीति अनुसार उक्त दोनो परीक्षाओं के लिए संबंधित जिलों में डाईट कार्यालयों द्वारा नोडल कार्यालय के रूप में परीक्षा आयोजन से संबंधित समस्त महत्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन, आयोजन, पर्यवेक्षण किया जाना है।

वर्तमान सत्र 2025–26 में आयोज्य उक्त दोनों परीक्षाओं हेतु विभागीय Exam Portal पर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म, परीक्षा केन्द्र, संग्रहण केन्द्र एवं मूल्यांकन केन्द्र मैपिंग संबंधित कार्यों के पर्यवेक्षण सहित परीक्षा परिणाम और अंकतालिका सह ग्रेडतालिकाओं व टी.आर. डेटा डाउनलॉडिंग व संबंधित विद्यालयों तक वितरण इत्यादि समस्त कार्य 41 जिला व्यवस्था अनुसार डाईट लॉगिन से ही निष्पादित करवाया जाना है।

हाल ही में नवगठित 8 जिलों (फलौदी, बालोतरा, ब्यावर, डीडवाना–कुचामन, सलूम्बर, डीग, खैरथल–तिजारा, कोटपुतली–बहरोड़) में से केवल डीडवाना–कुचामन जिले में ही पूर्व से ही डाईट कार्यालय क्रियाशील है जबकि शेष 7 जिलों में विधिवत् डाईट कार्यालय स्थापित होना अभी शेष है। अतः आपको उक्तानुसार नवगठित शेष 7 जिलों के लिए विभागीय Exam Portal पर ऑफिस लॉगिन की सुविधा सहित परीक्षा संचालन के समस्त आवश्यक मॉड्यूल्स संधारण व परीक्षा संचालन कार्य हेतु नोडल अधिकारी/कार्यालय का प्रभार प्रदत्त किया जाकर एतद्द्वारा नामित अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.01.15 18:19:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 19952692

नामित अधिकारी (पूर्व मूल जिले के डाईट प्राचार्य) उक्तानुसार समस्त परीक्षा सम्बधित कार्यों के निष्पादन एवं पर्यवेक्षण के साथ–साथ संबंधित नवगठित जिले की डाईट के ऑफिस लॉगिन से कार्य हेतु संबधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा के ए.डी.ई.ओ. समकक्ष अधिकारी की स्टॉफ मैपिंग तत्काल करवाएंगे। संबंधित नवगठित जिले के डाईट ऑफिस लॉगिन व स्टॉफ लॉगिन पर कार्य करने वाला प्रभारी अधिकारी (जि.शि. अ.मु.प्रा.शि. के अधिकारी) मूल डाईट के प्राचार्य के निर्देशन व डाईट कार्यालय के समन्वयन से नवगठित जिले की डाईट संबंधित समस्त ऑनलाईन कार्य हेतु अधिकृत होंगे।

ध्यातव्य है कि दोनों परीक्षाओं के संदर्भ में नियमानुसार नोडल अधिकारी के तौर पर परीक्षाओं के पर्यवेक्षण, प्रबोधन एवं निष्पादन कार्य हेतु नामित नोडल अधिकारी प्राचार्य डाईट ही रहेंगे, अतः प्रभारी/नामित (नोडल) अधिकारियों को निम्नांकित सूची के कॉलम संख्या–03 के अनुसार उल्लेखित/संबंधित जिले हेतु नामित अधिकारी नियोजित किया जाता है। –

| क्र.सं. | नवीन गठित जिले का नाम | संबंधित पूर्व जिले के नामित अधिकारी का पदनाम | संबंधित डाईट प्राचार्य (कॉलम सं. 3 में उल्लेखित) के अधीनस्थ अधिकारी (नवगठित जिले के ऑनलाईन कार्य करने वाले प्रभारी का नाम व उसकी स्टॉफ आई.डी. नं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | **फलौदी** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **जोधपुर** | मनोहरलाल सैनी (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा. शि. फलौदी) 1119551 |
| 2 | **बालोतरा** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **बाड़मेर** | हिम्मत सिंह (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा.शि. बालोतरा) 1120727 |
| 3 | **ब्यावर** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **अजमेर** | राजेन्द्र सिंह (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा.शि. ब्यावर) 1158171 |
| 4 | **सलूम्बर** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **उदयपुर** | छोटूमल मीणा (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा. शि. सलूम्बर) 1035971 |
| 5 | **डीग** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **भरतपुर** | लडूलाल मीणा (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा. शि. डीग) 1672570 |
| 6 | **खैरथल–तिजारा** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **अलवर** | शकील अहमद (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा. शि. खैरथल–तिजारा) 1054378 |
| 7 | **कोटपुतली–बहरोड़** | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान **जयपुर** | कुलदीप सिंह (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष, कार्यालय जि.शि.अ.मु.प्रा. शि. कोटपुतली बहरोड़) 1074044 |

Signature Not Verified

Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.01.15 18:19:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 19952692

**नोट : –**

(1) नवगठित जिलों के डाईट ऑफिस लॉगिन हेतु उक्तानुसार नामित नोडल अधिकारी (पूर्व मूल जिले के डाईट प्राचार्य) को कार्यालय पंजीयक द्वारा दिनांक – 14.01.2026 को गोपनीय/उचित माध्यम से नई ऑफिस आई.डी. व पासवर्ड उपलब्ध करवाये जा चुके हैं। संबंधित नामित नोडल अधिकारी उन्हें पंजीयक द्वारा प्रदत्त करवाई गई ऑफिस आई.डी. के माध्यम से उक्त सारणी के कॉलम संख्या 04 में उल्लेखित प्रभारी अधिकारी (ऑनलाईन कार्य) की शालादर्पण स्टॉफ आई.डी. से उसे एक्ज़ाम पोर्टल पर ऑनलाईन कार्यों के पर्यवेक्षणार्थ, संबंधित ऑफिस आई.डी. के स्टॉफ व अन्य माड्यूल पर अविलम्ब मैपिंग/ऑनलाईन अनुमति प्रदान करने का कार्य करेंगे।

यह कार्य नोडल अधिकारी द्वारा नवगठित डाईट लॉगिन/ ऑफिस आई.डी. पर उपलब्ध **''स्टॉफ परमिशन मॉड्यूल''** के माध्यम से समस्त आवश्यक मॉड्यूल्स/सुविधाओं हेतु ऑनलाईन अनुमति की कार्यवाही तत्काल निष्पादित करेंगे। इसी प्रकार मैपिंग के बाद प्रभारी अधिकारी (ऑनलाईन कार्य, कॉलम संख्या 04 के अनुसार) अपने जिले के लिए नामित नोडल अधिकारी (कॉलम संख्या 03 में उल्लेखित डाईट प्राचार्य) के निर्देशन व समन्वयन से ऑनलाईन संबंधित समस्त कार्य सम्पादित करेंगे। **इस कार्य को पूर्ण प्राथमिकता प्रदान करावें।**

**(2) उक्त सारणी अनुसार निर्देशित समस्त व्यवस्था नवीन जिले के डाईट कार्यालय के स्थापित व नव प्राचार्य के पदस्थापित रहने तक ही प्रभावी रहेगी। संबंधित नवीन जिले में डाईट प्राचार्य/डाईट के अधिकारी के नियोजन के उपरान्त तत्काल ही उक्तानुसार समस्त कार्यों का विधिवत् निष्पादन नोडल प्रभारी/कार्यालय के रूप में संबंधित नवीन डाईट हेतु नियोजित प्राचार्य/प्रभारी करेंगे।**

**यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।**

**पंजीयक**
**शिक्षा विभागीय परीक्षाएं**
**राजस्थान, बीकानेर**

**क्रमांक :– शिविरा/प्राशि/पंविप/5वीं–8वीं/दिशानिर्देश/2025–26** **दिनांक :– यथा ई हस्ताक्षर**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. निजी सचिव, निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राज., उदयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. सचिव, मदरसा बोर्ड, राजस्थान, जयपुर।
6. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा विभाग समस्त को प्रभावी प्रबोधन व पर्यवेक्षण हेतु।
7. वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी. जयपुर।
8. उप निदेशक, शाला दर्पण, शिक्षा संकुल, जयपुर।
9. सिस्टम एनॉलिस्ट (एस.ए), निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को उक्त निर्देश विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
10. अनुभाग अधिकारी/प्रभारी शाला दर्पण अनुभाग, निदेशालय मा.शि/प्रा.शि.राजस्थान।
11. अनुभाग अधिकारी/प्रभारी, पी.एस.पी. पोर्टल, निदेशालय मा.शि/प्रा.शि.राजस्थान।
12. अनुभाग अधिकारी शैक्षिक/माध्यमिक/गुणवत्ता एवं नवाचार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, बीकानेर।
13. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
14. संबंधित पीईईओ./यूसीईईओ. को प्रभावी प्रबोधन एवं आवश्यक कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण करवाने हेतु।
15. संबंधित संस्थाप्रधान राजकीय/निजी/मदरसा/संस्कृत विद्यालय को समयबद्ध रीति से उक्तानुसार निर्देशित कार्य सम्पादित करने बाबत पालनार्थ।
16. **संबंधित अधिकारीगण नवगठित जिला कार्यालय (ए.डी.ई.ओ. समकक्ष कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारम्भिक शिक्षा) को उक्तानुसार पालनार्थ।**
17. रक्षित पत्रावली।

**पंजीयक**
**शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर**

Signature Not Verified
Digitally signed by Sheeshram Kulhari
Designation : Deputy Director
Date: 2026.01.15 18:19:49 IST
Reason: Approved



RajKaj Ref No.: 19952692